हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–174 : जौनपुर, सोमवार 13 मार्च 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## केजीएमयू में एच–तीन एन–दो के अब तक पन्द्रह केस मिले : पीजीआई में भी होगी जांच




लखनऊ ब्यूरो :
केजीएमयू में बीते एक माह में एच3एन2 वायरस के 15 केस सामने आए हैं। इसका खुलासा यहां की माइक्रोबॉयोलॉजी लैब की जांच में हुआ है। राहत की बात यह है इन मरीजों में कोई गंभीर लक्षण नहीं मिलें। उन्हें भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ी। डेढ़ हफ्ते के इलाज बाद उन्हें राहत मिल गई। केजीएमयू में इन्फ्लुएंजा एच3एन2 की जांच की सुविधा है। यहां प्रदेश भर से आ रहे 10 से 15 नमूनों की रोजाना आरटी–पीसीआर जांच हो रही है। पीजीआई के माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग में भी इसकी जांच शुरू हो गई है। इसके लिए वहां करीब 2400 रुपये लग रहे हैं। विभाग की डॉ. उज्ज्वला घोषाल ने बताया किट की मांग की गई है। किट मुहैया होने बाद संस्थान में यह जांच मुफ्त होगी।

## पत्रकार पर गोली चलने की घटना को असली – नकली का अमलीजामा पहनाने में जुटे हुए हैं कई दिग्गज

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : लाइनबाजार थाना क्षेत्र के मिर्जापुर मार्ग स्थित चाँदपुर बालू मण्डी के निकट न्यूज 1 इण्डियाँ के कार्यालय पर दिनांक 26 फरवरी 2023 की शाम बेखधैफ नकाबपोश बदमाशों द्वारा जान से मारने की नियत से फायर झोका गया। बदमाशों द्वारा चलाई गयी गोली पत्रकार देवेंद्र के उंगली को चिरती हुई उनके मोबाइल फोन में जा घुसी। जो कि घटना के बाद से ही जांच से सम्बन्धित फोन पुलिस के कब्जे में है। पत्रकार पर गोली चलने की घटना में जहाँ एक तरफ पुलिस एक नामजद समेत दो अज्ञात लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन में गहनता से जुटी हुई हैं तो वहीं दूसरी ओर जिले के कुछ पत्रकार पुलिस की छानबीन को ठेंगा दिखाते हुए खुद की छानबीन में पत्रकार पर गोली चलने की घटना को मनगढंत बताने में लगे हुए हैं। बताते चलें कि पत्रकार देवेंद्र पर उस समय नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर दिया जब वह अपने कार्यालय के बाहर पूर्व क्षेत्राधिकारी नगर सुशील कुमार सिंह सहित कुछ पत्रकार साथियों के साथ बैठे बातचीत कर रहे थे कि अचानक एक बाइक पर सवार दो की संख्या में पहुचे नकाबपोश बदमाशों ने पत्रकार देवेंद्र को लक्ष्य साध गोली चला दी। गोली चलते ही अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुँची लाइन बाजार थाना पुलिस ने मौके से दो खोखें बरामद किया और घायल पत्रकार देवेंद्र को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। एमरजेन्सी कक्ष में तैनात डाक्टर अनुपम यादव द्वारा गन इंजरी की चोट को ना दर्शाते हुए ना जाने किसके दबाव में धारदार चीज से चोट लिखते हुये दर्शाया गया है।बड़ी हैरत की बात यह है कि जहाँ एक पत्रकार पर नकाबपोश बदमाशों द्वारा जानलेवा हमला हुआ है पुलिस कार्यवाही के दौरान पत्रकार देवेंद्र का मेडिकल मुआयना कराया गया जिसकी रिपोर्ट या तो



पुलिस को मिलती है या न्यायालय को भेजा जाता हैं।लेकिन कुछ पत्रकार द्वारा इतने महत्वपूर्ण गोपनीय दस्तावेजों को कहाँ और किसकी मदद से हासिल कर सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा हैं जो किसी अपराध से कम नहीं आखिर जिला अस्पताल के ऐसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों को कौन और कैसे पत्रकारों को प्रसाद के रुप में बांट रहा हैं जो बेहद चिंतनीय विषय है। बदमाशों की गोली से घायल हुए पत्रकार देवेंद्र खरें और पूर्व क्षेत्राधिकारी नगर सुशील कुमार सिंह के बीच गोली घटना की बातचीत का एक आडियो भी वायरल हुआ था जिसमें पुलिस विभाग के पूर्व क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार सिंह घटना के समय पत्रकार देवेंद्र खरें के कार्यालय पर मौजूद थे जिनके सामने पत्रकार पर जानलेवा हमले की नियत से गोली दागी गई। जिले के एक पत्रकार पर जानलेवा हमले को लेकर जहाँ जिले भर के पत्रकारों को एकत्रित होकर इस दुस्साहस घटना का विरोध करना चाहिए था तो वहीं कुछ पत्रकार ना जाने आरोपितों को बचाने की कवायद में जी जान लगाते हुए पत्रकार देवेंद्र खरें पर बदमाशों द्वारा चलाई गयी गोली काण्ड को मनगढ़ंत कहानी बता रहे हैं। इस पूरे मामले को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि पत्रकार देवेंद्र खरें पर हुए जानलेवा हमले में कहीं ना कहीं किसी पत्रकार का हाथ होता दिखाई दे रहा हैं। यदि ऐसा नहीं होता तो थाना पुलिस द्वारा कुछ पत्रकारों को पूछताछ के लिए थाने पर क्यों बुलाया गया होता ।

## होलीमिलन एवं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कायस्थ कल्याण समिति महिला शाखा जौनपुर द्वारा होलीमिलन एवं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन शहर के एक होटल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शशि अस्थाना ने किया। मुख्य अतिथि कायस्थ कल्याण समिति के अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि कायस्थ कल्याण समिति के महासचिव विपनेश कुमार श्रीवास्तव रहे। मुख्य अतिथि ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कायस्थ कल्याण समिति लगभग तीस वर्षो से सामाजिक सरोकार से संबंधित कार्यो को करती चली आ रहीं है। जिसमें विभिन्न अवसरों पर विविध कार्यक्रमों के माध्यम से संस्था ने एक अलग पहचान बनाई है। विशिष्ट अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज कायस्थ कल्याण समिति किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। कायस्थ कल्याण समिति अपने विभिन्न शाखाओं यथा युवा शाखा व महिला शाखा द्वारा विभिन्न तीज–त्यौहारों पर ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त जी महराज के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात महिला शाखा की महासचिव ज्योति श्रीवास्तव व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोली श्रीवास्तव द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की आरती प्रस्तुत की गई। कोषाध्यक्ष अंजना श्रीवास्तव व सिन्धुजा श्रीवास्तव द्वारा स्वागत गीत



प्रस्तुत किया गया। कायस्थ कल्याण समिति महिला शाखा की अध्यक्ष डॉ. मधुलिका अस्थाना ने कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया अपने स्वागत भाषण में डॉ.मधुलिका ने कार्यक्रम की रुप रेखा प्रस्तुत करते हुए कहा की महिला शाखा द्वारा समय समय पर इस प्रकार के विविध आयोजन किए जाते हैं जिसका उद्देश्य भावी पीढ़ी को अपने तीज–त्यौहार से परिचित करा के उनके प्रति रुचि पैदा करना हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभ कामना दी। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्ष व अतिथियों द्वारा उपस्थित महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नूपुर वर्मा ने किया कार्यक्रम में प्रदेश ऐडुस्टफ लीडर एवं राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार विजेता श्रीमती प्रीती श्रीवास्तव, सीमा, गरिमा, ममता, सारिका, हेमलता वर्मा, कल्पना अस्थाना आदि उपस्थित रहे।

## सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का जिलाधिकारी जौनपुर ने किया उद्घाटन

जौनपुर सू0वि0 : कलेक्ट्रेट परिसर में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0 द्वारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं सब का प्रयास विषयक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने बताया कि जनपद स्तरीय तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जिसमे केंद्र तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में प्रदर्शनी है, उन्होंने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग आए आएं और विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर लाभ प्राप्त करें। प्रदर्शनी में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों आदि का प्रचार प्रसार प्रदर्शनी में लगाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं यथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टार्ट अप, मिशन रोजगार के अन्तर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना आदि के पोस्टर के माध्यम से किया गया।तीन दिवसीय प्रदर्शनी के माध्यम से खुशहाल किसान उत्तर प्रदेश की पहचान, किसानों के साथ खड़ी है सरकार, गौवंश की सुरक्षा, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के द्वारा युवाओं के सपने साकार, स्वरोजगार से नई उड़ान, स्वनिधि से सम्मान, बेटिया है देश की शान के अन्तर्गत मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित व्यक्ति के जीवन के समग्र आयामों से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं का अवलोकन



कराते हुए जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर आमजनमानस को उत्तर प्रदेश संदेश नामक मैगजीन का वितरण किया गया। जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय ने अवगत कराया कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0 द्वारा लगाई गयी तीन दिवसीय जनपदीय स्तरीय प्रदर्शनी में उपस्थित होकर शासन–प्रशासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, उपायुक्त मनरेगा भूपेन्द्र प्रताप सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आर0डी0 यादव सहित आमजनमानस उपस्थित रहे।

## आम को खर्रा रोग और कीट से बचाएं –डॉ विनोद सिंह

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : आम के गुणवक्तायुक्त उत्पादन के लिए रोगों से बचाव अति आवश्यक है। बौर निकलने से लेकर आम का फल लगने तक का समय काफी संवेदनशील होता है। ऐसे में किसानों को इसके प्रति सजगता बरतना आवश्यक है। इस संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र बरासिन के उद्यान वैज्ञानिक डॉ विनोद कुमार सिंह कहते हैं कि बदलीयुक्त एवं बूंदाबांदी के मौसम में आम को खर्रा रोग अधिक लगता है। साथ ही भुनगा कीट के लगने की भी आशंका अधिक होती है। इन रोगों से ग्रसित पुष्प, वृंत तथा डंठलों पर सफेद चूर्ण के समान फफूंद की भी वृद्धि दिखाई देती है। इससे मंजरियां सूख कर गिर जाती हैं। साथ ही प्रभावित फल भी पीले पड़ पड़ कर झरने लगते हैं। इस रोग से बचाव के लिए घुलनशील गंधक दो मिलीलीटर प्रति लीटर पानी या डाइनोकैप एक मिली लीटर प्रतिलीटर पानी में डालकर छिड़काव करें। आम में भुनगा कीट कोमल पत्तियों एवं छोटे फलों से रस चूसकर हानि पहुंचाते हैं। प्रभावित भाग सूख कर गिर जाता है साथ ही यह कीट मधु की तरह का पदार्थ भी विसर्जित करते हैं। जिससे पत्तियों पर काले रंग की फफूंद जम जाती है। फलस्वरूप पत्तियों में हो रही प्रकाश संश्लेषण की क्रिया मंद पड़ जाती है। भुनगा कीट के नियंत्रण हेतु इमिडाक्लोप्रिड .तीन मिली लीटर प्रति लीटर पानी में या क्लोरपाइरीफस दो मिली लीटर प्रति लीटर पानी में डालकर छिड़काव करके खर्रा रोग पर नियंत्रण किया जा सकता है। इसके अलावा कार्बरिल 50 डब्लूपी या डायमेथोएट का भी मानक और मात्रा के हिसाब से इस्तेमाल किया जा सकता है। आम बागवान सुहेल



आलम ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार फसल अच्छी है मौसम भी बौर के लिए अच्छा साबित हुआ है जिससे रोग और कीट कम लगे हैं फिर भी कहीं कहीं खर्रा रोग देखा जा रहा है जिसके लिए समय के अंदर ही उपचार करना अच्छा होगा वरना फसल प्रभावित हो सकती है। दवा किसी विश्वसनीय दुकान से ही खरीदें। आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञों से राय ले।फल बनने के बाद सिंचाई अत्यंत आवश्यक है।

## वन पर्यावरण मंत्री व भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष का 14 मार्च को होगा आगमन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना (वन पर्यावरण जंतु उद्यान जलवायु परिवर्तन विभाग ) व भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चन्द श्रीवास्तव 14 मार्च को ढाई बजे गाजीपुर से जौनपुर के लिए कार द्वारा प्रस्थान करेंगे। साढ़े तीन बजे जौनपुर जिले के बॉर्डर पतरही बाजार में भाजपा मछली शहर जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा उसके बाद चंदवक केराकत में भी स्वागत होगा। साढ़े चार बजे जौनपुर नगर की सीमा प्रसाद तिराहा धर्मापुर मोड़ पर जौनपुर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जायेगा उसके बाद चौकिया धाम जाएंगे वहां पर शक्तिपीठ माता शीतला माता मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे उसके साथ पांच बजे प्रस्थान कर पांच बजकर दस मिनट पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उत्तर प्रदेश राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट के सदर चुंगी आवास पर पहुचेंगे। साढ़े पांच बजे बच्चा भइया के यहाँ से प्रस्थान कर पांच बजकर चालीस मिनट पर जौनपुर डाक बंगले लाइन बाजार पहुंचेगे ।



डाक बंगले पर भाजपा जनप्रतिनिधियों, जिला अध्यक्ष भाजपा, व भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। उसके बाद अधिकारियों संग बैठक करेंगे। साढ़े छह बजे डाक बंगले से प्रस्थान कर कान्हा मैरिज गार्डन बाजिदपुर कन्हईपुर वन विहार रोड पर होली मिलन समारोह व अन्य कार्यक्रम में भाग लेंगे उसके बाद रात्रि साढ़े आठ बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व कार्यक्रम आयोजक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने दिया।

## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट
**www.Desh ki upasana.com**
का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## कृषि उद्यम से बढ़ेगी किसानों की आय

जौनपुर सू.वि. : ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) सिद्दीकपुर में सोमवार को एग्री जंक्शन लाभार्थियों के 13 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि कृषि उद्यम से किसानों की आमदनी बढ़ेगी इसके लिए सरकार द्वारा कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही है। लाभार्थियों को संबोधित करते हुए उप परियोजना निदेशक (आत्मा) डा. रमेश चंद्र यादव ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने एवं कृषि स्नातकों को स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार प्रशिक्षित उद्यमी स्वावलंबन (एग्रीजंक्शन) योजना के तहत बेरोजगार कृषि स्नातकों



को प्रशिक्षित कर रही है, उन्हें बीज खाद एवं रसायन के लाइसेंस के साथ बैंक से रुपये पांच लाख ऋण का ब्याज और एक साल तक का दुकान का किराया कृषि विभाग द्वारा दिया जा रहा है। जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में एग्री जंक्शन केंद्र खोले जा रहे हैं जहां किसानों को एक ही छत के नीचे उचित परामर्श के साथ कृषि निवेश के सारे सामान एक ही जगह पर सुगमता से उपलब्ध हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि कृषि से जुड़े उद्योगों डेयरी पशुपालन, पोट्री पर सरकार का विशेष जोर है इसके लिए सस्ते और अन्य संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है। श्वेत व नीली क्रांति के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने पर बल दिया जा रहा है। अग्रणी बैंक प्रबंधक उमा शंकर ने बैंकों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दिया। अंत में आभार ज्ञापन वरिष्ठ संकाय अभिषेक दुबे ने किया। इस मौके पर संस्थान निदेशक उपेन्द्र कुमार, संकाय श्रवण कुमार, जगदीश गौर, सौरभ सिंह, जय प्रकाश, रोहित, धर्मेंद्र कुमार अंकित सिंह सहित चयनित 16 एग्री जंक्शन लाभार्थी मौजूद रहे।

## अनुसूचित जाति जन जाति एवं अन्य पिछड़ें वर्ग हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण

जौनपुर सू.वि. : शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्र जिला सेवायोजन कार्यालय जौनपुर द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ें वर्ग के न्यूनतम इण्टरमीडिएट शैक्षिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों को लिपिकीय स्तरीय प्रतियोगिता सम्बन्धित एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए सम्मिलित विषयों में सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य हिन्दी, सामान्य गणित, सचिवीय पद्वति, बुक कीपिंग एण्ड ऐकाउन्टेन्सी, हिन्दी टंकण एवं हिन्दी आशुलिपि तथा कम्प्यूटर शिक्षा प्रमुख हैं। अर्ह अभ्यर्थियों की आयु 01 अप्रैल 2023 को 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अप्रैल 2023 से प्रारम्भ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु उक्त वर्ग के अर्ह अभ्यर्थियों से विलम्बतम दिनांक 27 मार्च 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को साक्षात्कार 28 मार्च 2023 को तथा अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 29 मार्च 2023 को प्रातः 10 बजे से शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्र जिला सेवायोजन कार्यालय, जौनपुर में होगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने शैक्षिक योग्यता/जाति से सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लायें। प्रशिक्षण सम्बन्धी समस्त जानकारी हेतु अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय, जौनपुर से सम्पर्क कर सकते हैं।

## कैंट विद्यायक का 14 को जौनपुर आगमन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वाराणसी कैन्ट के विधायक, सदस्य, याचिका समिति व सचेतक, उत्तर प्रदेश विधानसभा सौरभ श्रीवास्तव का आगमन 14 मार्च मंगलवार को जौनपुर हो रहा है। विधायक सौरभ श्रीवास्तव वाराणसी से चलकर शाम



7 बजे कान्हा मेर्रिज गार्डन कन्हईपुर बाजिदपुर आएंगे जहां पर होली मिलन समारोह में भाग लेंगे उसके बाद देर रात वाराणसी के लिए प्रस्थान करेंगे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट व विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार ने दिया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
हमारे संकल्प वही हों जिनसे अपना और दूसरों का कल्याण हो।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# एक समर्पित शब्द साधक थे डॉ. कृष्ण बिहारी मिश्र

डॉ. कृष्ण बिहारी मिश्र बलिया की मिट्टी और आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की वैचारिक पृष्ठभूमि के प्रतीक पुरुष थे। उनकी रचनाएं सूक्ष्म निरीक्षण और अनुसंधान तथा शोध–अध्येतावृत्ति का जीवंत प्रमाण हैं।

समर्पित अध्येता विद्वान डॉ. कृष्ण बिहारी मिश्र का अवसान ऐसा शून्य छोड़ गया है, जिसकी पूर्ति शायद ही संभव हो। विगत सात मार्च को कोलकाता में उनका निधन हो गया। बलिया के मूल निवासी और कलकत्ता की साहित्य और वैदुष्य की चेतना के मूर्त रूप मिश्र जी सही मायने में विद्या तपस्वी थे। लोकैषणा से कोसों दूर मिश्र जी का व्यक्तित्व साहित्य और पत्रकारिता का दीपस्तंभ है। निबंधकार, स्वामी रामकृष्ण परमहंस के जीवनीकार, हिंदी पत्रकारिता के अन्वेषी विद्वान, ललित निबंधकार, समीक्षक, अनुवादक मिश्र जी की साहित्य सेवा बहुआयामी रही। साहित्य और भारतीय पत्रकारिता जगत विशेष रूप से हिंदी पत्रकारिता, उनकी चिर ऋणी है।

जब पत्रकारिता और जनसंचार एक अकादमिक विषय के रूप में विकसित हो रहा था, उस दौर में हिंदी पत्रकारिता के प्रामाणिक एवं मौलिक शोधपरक संदर्भों को पुस्तक के रूप में प्रस्तुत कर उन्होंने एक बहुत बड़े अभाव की पूर्ति की। डॉ. कृष्ण बिहारी मिश्र ने अनेक विषयों पर अपनी रचनाओं के माध्यम से शोधवृत्ति का परिचय दिया। खासकर पत्रकारिता पर उनकी कई पुस्तकें प्रकाशित हुईं, तो ललित निबंध के क्षेत्र में उनकी गतिशीलता रही। उनके ललित निबंध संग्रहों में, बैया का जंगल, मकान उठ रहे हैं, आंगन की तलाश, अराजक उल्लास, गौरैया ससुराल चली, आदि प्रमुख हैं। उनके विचार प्रधान निबंध संग्रहों में सांझ की जम्हाई, सृजनशील उजास, मूल्य मीमांसा, सम्बुद्धि (राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय विचार गोष्ठी में पठित आलेखों का संकलन), आस्था और मूल्यों का संक्रमण संस्मरण, नेह के नाते अनेक, शामिल हैं। जीवनी आधारित पुस्तक– कल्पतरू की उत्सव लीला (परमहंस रामकृष्ण देव के लीला–प्रसंग पर केंद्रित पुस्तक) ने उनकी रचनाधर्मिता को प्रतिष्ठित किया। इसके अलावा हिंदी साहित्यः बंगीय भूमिका का संपादन, कविता संग्रह–नवाग्रह, भगवान बुद्ध (चून की अंग्रेजी पुस्तक का अनुवाद, कलकत्ता विश्वविद्यालय से प्रकाशित) इत्यादि पुस्तकों के माध्यम से मिश्र जी की साहित्य मेधा का परिचय मिलता है।

हिंदीतर भाषी संपादकों से संबंधित मेरे शोधकार्य के संबंध में मिश्र जी से मेरी लंबी वार्ता और उनके सुगम व्यक्तित्व की स्मृतियां आज भी मेरे मस्तिष्क में कौंधती और प्रेरित करती है। शब्द क्रीड़ा में निमग्न विद्वान डॉ. कृष्ण बिहारी मिश्र जी से भेंट कोलकाता के 7 हरिमोहन लेन, बेलियाघाट स्थित उनके निवास स्थान पर हुई थी। उस समय उनका धोती–कुर्ता और मुंह में पान दबाए अत्यन्त विनम्र साहित्यिक स्वरूप नहीं भूलता। साहित्य के प्रति लोगों की उदासीनता को लेकर उनका मन खिन्न था। मैं उनके आवास पर साक्षात्कार हेतु गया था। उन्होंने हिंदीतर भाषी संपादकों के अवदान को रेखांकित किया और कहा, ऐसे संपादकों ने अपनी भाषा के शब्दों को हिंदी में प्रचलित करने का कार्य करके हिंदी की शब्द संपदा में वृद्धि की। वहीं उन्होंने कई बांग्लाभाषी संपादकों का उदाहरण देकर बताया कि हिंदी समाचार पत्रों की बंगाल में स्थिति मजबूत न होते हुए भी इन संपादकों ने बंगाल में हिंदी के समाचार पत्रों के संपादन और हिंदी पत्रकारिता को सजाने–संवारने के कार्य को नहीं छोड़ा।

मिश्र जी का व्यक्तित्व विराट एवं साहित्य सृजन में तल्लीन कृतिजीवी साधक के समान था, जिसने हिंदी साहित्य की श्रीवृद्धि के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। मिश्र जी कभी किसी सम्मान–पुरस्कार के लिए सक्रिय या प्रयत्नशील नहीं रहे। यद्यपि उन्हें भारत सरकार ने 'पद्म श्री' सम्मान से विभूषित किया, पर वे सम्मान लेने नहीं गए। भारत सरकार के गृहसचिव ने उन्हें उनके निवास पर जाकर यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के जीवन पर आधारित उनकी चर्चित कृति– कल्पतरू की उत्सवलीला, को प्रतिष्ठित मूर्ति देवी सम्मान, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान का महात्मा गांधी सम्मान, साहित्यभूषण सम्मान के बाद भी उनका व्यक्तित्व किसी दंभ का नहीं, बल्कि विनम्रता–तृणादीपि सुनीचेन, तरोरपि सहिष्णुना– का प्रतीक था।

मिश्र जी मूलतः बलिया (उत्तर प्रदेश) की मिट्टी और आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की वैचारिक पृष्ठभूमि के प्रतीक पुरुष थे। उनकी रचनाएं सूक्ष्म निरीक्षण और अनुसंधान तथा शोध–अध्येतावृत्ति का जीवंत प्रमाण है। अपने समय–कालखंड (20वीं–21वीं सदी) के प्रायः सभी शीर्ष रचनाकारों के वह प्रिय रचनाकार थे। मिश्र जी जमीन से जुड़े आध्यात्मिक वृत्ति के रचनाकार थे। उनके कुरेदने वाले विचार आज प्रासंगिक हैं और उनकी प्रासंगिकता सर्वकालिक महत्व की है: 'आधुनिकता यदि धरती से विलग करती हो, आत्मलीन बनाती हो, उसके स्पर्श से आदमी समाज के साथ हंसना–रोना भूल जाता हो, तो मुझे नहीं चाहिए आधुनिकता की ऐसी दुम। अपना भोजपुरी, देहाती रंग–रूप ही भला है, जो लोक कंठ में गूंजता है, फाग–राग में छलकता है, चौता की मादकता बिखेरता है।'

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## एलपीसीपीएस ने किया नारी शक्ति सम्मान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ पब्लिक कॉलेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज एवं गोल फॉर ऑल– अ यूनिट ऑफ लखनऊ पब्लिक चौरिटेबल ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से होली मिलन एवं नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न क्षेत्र की 9 प्रतिष्ठित महिलाओं को



संस्थापक महाप्रबंधक डॉ. एस .पी .सिंह ,पूर्व एम.एल.सी . कांति सिंह, निदेशक गरिमा सिंह ,हर्षित सिंह, शिखर पाल सिंह एवं डीन डॉ लक्ष्मी शंकर अवस्थी ने, निधी वर्मा सिंह (आयकर आयुक्त), शिल्पी कनौजिया (रेलवे ट्रैफिक सर्विस), डॉ. अमिता कनौजिया (शिक्षा ), डॉ. नीलिमा सिंह (हेल्थ ), अर्चना वर्मा (समाज सेवा ), रानी सिंह (कानून), श्वेता वर्मा (कत्थक) एवं कुसुम वर्मा (लोक संगीत ) को प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया स कार्यक्रम का संचालन प्रतिष्ठित कवि शिव कुमार व्यास एवं डॉक्टर ज्ञानमती वर्मा ने किया।

## पिहानी के ग्राम पंचायत अब्दुल्ला नगर में खोली गई गोशाला : सांसद ने किया उद्घाटन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : रविवार को पिहानी विकासखंड के अब्दुल्ला नगर ग्राम पंचायत में सांसद जयप्रकाश रावत ने गौशाला का उद्घाटन फीता काटकर किया। गौशाला का पूजा का समस्त कार्यक्रम पंडित संदीप शुक्ला ने संपन्न कराया। सांसद गौशाला पूजन के बाद अंबारी प्रधान नन्हे सिंह, एटा खेड़ा प्रधान रंजीत सिंह ,दिलीप मिश्रा अब्दुल्ला नगर व कुंवरपुर बसीट के यहां होली मिलन व अन्य कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। पिहानी ब्लाक प्रमुख कुशी वाजपेई ने सांसद को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बबलू सिंह बखरिया अब्दुल्ला नगर प्रधान सुआले खां, सुबोध सिंह , नन्हे सिंह, संतोष सिंह हरवंश सिंह, मुकेश वर्मा, अवधेश सिंह ,रिजवान, संदीप ,राजेश, नागेंद्र बखरिया,संदीप शुक्ला, अवनीश कुमार, विकास खंड अधिकारी उदयवीर दुबे ,शरद सिंह, बद्दापुर के आशु सिंह आदि लोगों ने सांसद का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पिहानी के अब्दुल्ला नगर ग्राम पंचायत में गोशाला का उद्घाटन करते हुए सांसद जयप्रकाश रावत ने कहा कि गायों के संरक्षण पर सरकार अधिक ध्यान दे रही है। गोवंशों से किसान परेशान हो रहे हैं। इसके निदान के लिए सरकार और अधिक गोशाला खोलने पर विचार कर रही



है। प्रत्येक व्यक्ति गौ सेवा करे तो गायों की दुर्दशा नहीं होगी। गायों के संरक्षण के लिए हम सभी को आगे आना होगा। ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेई ने कहा कि गाय को हिंदू संस्कृति में मां का दर्जा दिया गया है। एक समय था जब लोगों के दरवाजे पर गाय जरूर बंधी होती थी। गाय का पूजन होता था। एक भी गाय भूखी नहीं रहती थी लेकिन अब लोगों ने गाय पालना बंद कर दिया। दूध बंद होने के बाद लोग गाय को खुला छोड़ देते हैं, जिससे किसानों की फसल को नुकसान पहुंचता है। गोशाला में रहने वाली गायों के लिए लोगों को भूसा दान करना चाहिए। गाय की सेवा करेंगे तभी हमारा कल्याण होगा। अपनी अपनी गाय अपने घर बांधे ,गौशाला में न छोड़े। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह अमित वर्मा तुषार बाजपेई वेद प्रकाश चिकित्सा अधिकारी डॉ डीके गुप्ता आदि लोगों ने भी संबोधित किया सांसद जयप्रकाश रावत का गौ रक्षा दल के सदस्यों ने भी स्वागत किया।

## संजय गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन : एक दूसरे के गले मिलकर होली की दी बधाई

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : , संजय गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज में रविवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में सांसद जयप्रकाश रावत ने सर्वप्रथम समस्त चित्र वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा होली खुशियों का त्योहार है । होली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्यौहार है, जिसमे सभी आपस में गले मिलकर पुराने गिले शिकवे भूल जाते है। विधायक श्याम प्रकाश ने कहा कि होली मिलन समारोह प्रमुख उद्देश्य जिस प्रकार होली को बुराई पर अच्छाई की जीत माना जाता है, उसी प्रकार लोग आपस में भाईचारे के साथ रहे। ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेई ने कहा कि होली मेल मिलाप का त्यौहार है। हमें आपस में एक दूसरे के साथ प्रेम व्यवहार के साथ रहना चाहिए। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि धर्मेश मिश्रा भी मौजूद रहे। होली मिलन कार्यक्रम दिलीप मिश्र एवं राभा गांव के प्रधान बबलू के सहयोग से किया गया।

## सिंधु भवन ट्रस्ट का पुनर्निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया

मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : सिंधु भवन ट्रस्ट उत्तर प्रदेश का एकमात्र सिंधु संस्कृति केंद्र है जिसका पुनः निर्माण 40 वर्षों बाद नवीन कार्यकारिणी द्वारा कराया गया जिसमें गोपीनाथ चंदानी (अध्यक्ष) दीपक लालवानी (महामंत्री) गौतम राजपाल व मनोज हिरवानी (सह मंत्री) डॉ. श्रवण कुमार उत्तमचंद हिरवानी (संरक्षण) व भूपेश डोडेजा (कोषाध्यक्ष) सत्येंद्र भावनानी (ऑडिटर) के अथक प्रयासों से संभव हुआ। संत शिरोमणि साईं झंडू राम जी के आशीर्वाद से वह सभी ट्रस्टी गण के सहयोग से यह काम संभव हुआ । भवन का उद्घाटन साईं मोहनलाल जी व साईं नितिन राम जी द्वारा किया गया और शाल व मोमेंटो द्वारा सम्मान किया गया। मोहनदास लधानी मुरलीधर आहूजा नानक चंद लखवानी हंसराज राजपाल जेपी नागपाल धर्मपाल राजपाल सुदाम चंद चंदवानी अशोक चंदवानी प्रो. जी के लालवानी नानकराम खटवानी डॉ घनश्याम भावनानी व अन्य मुखी गणों का ट्रस्ट द्वारा सम्मान किया गया। सिंधी समाज के वरिष्ठ वह अग्रणी सेवा करने वाले व संस्थाओं के अध्यक्षों का भी सम्मान किया गया जिसमें अतुल राजपाल परमानंद खत्री अमर अठवानी अशोक मोतियानी श्याम कृष्णानी विवेक लधानी अशोक केवलानी सतीश चंदानी सुनील जोतवानी दुनीचंद चंदानी तरुण संघवानी का सम्मान किया गया। समाज के वरिष्ठ समाजसेवी ठाकुरदास जोतवानी वासुदेव कारण



प्रदीप सचदेवा मुकेश केवलानी रतन मेघानी का भी सम्मान किया गया विशाल खट्टर पार्टी द्वारा सांस्कृतिक संध्या वा विषय भजनों ने सबका मन मोह लिया। अध्यक्ष गोपी नाथ चंदानी द्वारा सबका स्वागत किया गया महामंत्री दीपक लालवानी द्वारा निर्माण की पूर्ण रिपोर्ट रखी गई सह मंत्री गौतम राजपाल ने सिंधु भवन ट्रस्ट का दृष्टिकोण रखा जिसमें उन्होंने कहा कि इस तरह का भवन प्रदेश के हर जिले में होना चाहिए। डॉ श्रवण कुमार संस्थापक सदस्य द्वारा सिंधु भवन का इतिहास रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतराम चंदवानी वासुदेव कारण डॉ राजेंद्र केसवानी वीरेंद्र खत्री विजय सेहता जितेंद्र शादरा प्रकाश बलानी पीसी आहूजा प्रताप बहादुर गिरधर खट्टर वेदप्रकाश राजपाल सरल जागते नरेश बजाज सतीश अठवानी कन्हैया आचढ़ा संजय जेसवानी मनीष आहूजा अमृत राजपाल विनय मालानी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अंकित गुप्ता आर्किटेक्ट व संतोष हंसानी कांट्रेक्टर के सहयोग रहा जगदीश खटवानी दर्पण लखवानी राजेश शेरवानी चोइथराम जितेन चंदानी का भी धन्यवाद किया गया । कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र भावनानी द्वारा किया गया।

## दोसर वैश्य सेवा समिति के होली मिलन समारोह में फूलों की होली रही आकर्षण का केंद्र

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : दोसर वैश्य सेवा समिति के होली मिलन समारोह का आयोजन एच के होटल के लॉन में सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ मातृ शक्ति के द्वारा गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। समिति के अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष यह आयोजन कर समाज के लोगों को जोड़ने का कार्य किया जाता है। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए तथा मनोरंजन के लिए ''वन मिनट खेल प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं, बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर समाज के वयोवृद्ध जनों को वृद्धजन सम्मान से सम्मानित किया गया। सभी को शॉल पहनाकर सम्मान दिया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। उत्कर्ष गुप्ता के बाँसुरी वादन को सभी द्वारा सराहा गया। लकी ड्रॉ के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। म्यूजिकल चेयर में काजल गुप्ता विजयी रहीं जिन्हें समिति द्वारा सम्मानित किया गया। देवरानी जेठानी प्रतियोगिता का सभी ने आनंद उठाया। समारोह में मनोरमा गुप्ता, अविनाश चंद्र गुप्ता एवं बसंतलाल गुप्ता ने अपने विचार रखे। समाज के प्रतिभाशाली



बच्चों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सतेंद्र गुप्ता एवं श्यामजी गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में रामकुमार गुप्ता, योगेंद्र प्रसाद गुप्ता, रामकिशोर गुप्ता, रामेंद्र नाथ गुप्ता, अशोक गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, अनिल गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, आदर्श गुप्ता, सतेंद्र गुप्ता, श्यामजी गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, कार्तिकेय गुप्ता, अनुज गुप्ता, आशु गुप्ता, लकी गुप्ता, लवकुश गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, गोपालजी गुप्ता, शिशिर गुप्ता, विभु गुप्ता, लकी गुप्ता, संजीव गुप्ता, अंकुर गुप्ता सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

## गुरुकुल में पढ़कर ही महानतम बने हैं प्रदेश और देश के लोग –रजनी तिवारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : गुरुकुल में पढ़कर ही प्रदेश एवं देश में लोग महानतम हुए हैं आदिकाल से चली आ रही गुरुकुल परंपरा से शिक्षित होकर ही महान वैज्ञानिक गणितज्ञ एवं अन्य उच्च पदों को प्राप्त किया है यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इसी परंपरा में गुरुकुल कन्या इंटर कॉलेज में भी उच्च स्तरीय शिक्षा व्यवस्था दी जारही है। आज गुरुकुल कन्या इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में दीप प्रज्वलित करने के बाद वार्षिकोत्सव में बोलते हुए उक्त विचार उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता परक विज्ञान वर्ग की मान्यता प्राप्त कन्या इंटर कॉलेज होना गौरव की बात है। वार्षिकोत्सव में विद्यालय के एवं नगर के प्रतिभाशाली छात्रों ने पेंटिंग प्रतियोगिता गायन तथा सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में स्नेहा राठौर प्रथम प्रज्ञा बस





तथा रिचा सेठ द्वितीय स्थान पर रहे मेहंदी प्रतियोगिता में सोएगा प्रथम स्थान पर रहे सांस्कृतिक नृत्य कला प्रदर्शन में सीनियर तथा जूनियर वर्ग में द्वितीय स्थान पर ईशा चौरसिया शुभदीप मिश्रा आस्था शिल्पी रागिनी अंशिका श्रेया रिचा सेठ भावना वैष्णवी आदि रहे प्रथम स्थान पर दिव्या सेठ वैष्णवी आमिर मानसी अक्सा नूर मुर्शीद अरबाज आदि ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की खूब तालियां बटोरी । इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री के स्वागत में आनंद गुप्ता कृष्ण मोहन पाठक आलोक राठौर ज्योति पाठक आदि विद्यालय का सभी अध्यापक गण उपस्थित रहे।

## होली हम सभी को आपस में मिल जुलकर रहने का सन्देश देती है –प्रेमावती

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती द्वारा जनपद हरदोई मे ब्लाक प्रमुख व जिला पंचायत सदस्यगण के सामूहिक होली मिलन समारोह व प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ वरिष्ठ राजनेता व पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल एवम् क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र भाजपा अनु मोर्चा पीके वर्मा ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को होली की शुभकामनाएं प्रदान कर किया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेमावती ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठजन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि होली का पर्व हमारे देश की सभ्यता, संस्कृति व एकता का प्रतीक है। परस्पर प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार होली हम सभी को रंगों की तरह



आपस मे मिलजुल कर रहने का सन्देश देता है इसलिए हमें बिना किसी भेदभाव के हर्षोल्लासपूर्वक यह पर्व मनाना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद हरदोई के ब्लाक प्रमुखगण व जिला पंचायत सदस्यगण उपस्थित रहे।

## शब्द चयन और उसका सही उपयोग करें –जे सी गुप्ता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जवाहर नवोदय विद्यालय गाजियाबाद के प्रधानाचार्य जे सी गुप्ता ने शब्द चयन और उसका उपयोग के बारे में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान में एक नया मुद्दा ''वीरांगनाओं'' का अपमान सुर्खियों में है। राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में नहीं जाना चाहता हूं। किंतु खेद व्यक्त करता हूं मीडिया के शब्द ज्ञान पर। हिंदी शब्दावली में ''वीर '' शब्द का आशय युद्ध के मैदान में वीरता पूर्ण कार्य करने वाले पुरुष से होता है यथा वीर अब्दुल हमीद। इसी भांति वीरता पूर्ण कार्य करने वाली (विशेषतः युद्ध के मैदान में) महिलाएं वीरांगना कहलाती हैं यथा रानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना झलकारी बाई, रानी दुर्गावती आदि। स अर्थात वीरतापूर्ण कार्य करने वाले ही वीर या वीरांगना कहलाने के अधिकारी होते हैं न कि उनके पति या पत्नियां। शब्दों और उनके निहितार्थ का मीडिया के लोग मजाक न बनाए और पत्रकार एवम संपादकगण युवा पीढ़ी में शब्दभ्रम न पैदा करें। रानी लक्ष्मीबाई के पति राजा तो थे किंतु अपने जीवन काल में वीर की पदवी नहीं प्राप्त कर सके। वीर अब्दुल हमीद की पत्नी को कभी भी वीरांगना के रूप में नहीं याद किया जाता। इसी भांति शहीद शब्द का भी गलत परिप्रेक्ष्य में प्रयोग मीडिया के द्वारा करते देखा गया है। शहीद शब्द उस व्यक्ति और विशेषतः उस सैनिक के लिए उपयोग किया जाना चाहिए जो कि देश के दुश्मनों के साथ लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त करे। क्षमापूर्वक कहना चाहता हूं कि यदि बंकर में सोए हुए सैनिक का दुश्मन सिर काट कर ले जाए या सैनिक को अपनी लैंड माइन का शिकार बना ले इसे प्रोफेशनल अपरिपक्वता,अक्षमता या दुर्घटना कहा जाना चाहिए न कि शहीदी। अनेक बार ऐसा देखा गया है कि हाई टेंशन इलेक्ट्रिक टावर पर कार्य करता हुआ मजदूर, सड़क पर वाहन चालक, कोयले आदि की खदानों में कार्य करते हुए श्रमिक भी अपनी जान गंवा देते हैं किंतु उनके अपने कार्य स्थल पर जान गंवा देने को मात्र दुर्घटना की संज्ञा दी जाती है न कि शहीदी की। अतः मीडिया को अपने उल्लेखों में सदैव निहितार्थ को दृष्टिगत रखते हुए ही शब्द चयन करना चाहिए।

## समितियों का होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गीतापुरी जनकल्याण महासमिति संबद्ध गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमे मुख्य अतिथि बीकेटी विधायक योगेश शुक्ल एवम महासमिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल उपस्थित रहे जिसमे योगेश जी ने एवम राघवेंद्र जी ने सभी को गुलाल लगाकर सभी को होली की बधाइयां शुभकामनाएं दी । इस कार्यक्रम में बीकेटी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख शिव दर्शन यादव गौरव सिंह चौहान, गीतापुरी जनकल्याण समिति के संरक्षक अनिल कुमार शुक्ल, अध्यक्ष अमित कुमार शुक्ल, सचिव अजय कुमार शुक्ल ,आशीष श्रीवास्तव, उमा शंकर सिंह,अखिलेश चौहान , राम चंद्र तिवारी महासमिति के सचिव केके मौर्या, आरडी मौर्या, अजय तिवारी,नंदिनी





मिश्रा,मनोज कुमार मिश्रा,सुभाष पांडेय,विनोद तिवारी,जितेंद्र पांडेय,अरुण पांडेय, सुमित मिश्रा एवम समस्त गीतापूरी कॉलोनी के विशिष्ट जन उपस्थित रहे सभी ने होली के गीत गा के बधाई शुभकामनाएं दी।

## पांच दिवसीय स्काउट– गाइड प्रशिक्षण शिविर का हुआ उद्घाटन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कुम्हरावॉ इण्टर कॉलेज ,कुम्हरावॉ, में पांच दिवसीय स्काउट– गाइड प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का प्रशिक्षित प्रशिक्षकों विजय शर्मा ,सरस्वती द्वारा प्रारम्भ किया गया । प्रशिक्षण के पूर्व विद्या की देवी सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा द्वीप प्रज्वलित कर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। माल्यार्पण कर प्रशिक्षकों का स्वागत किया गया, कार्यक्रम का संचालन स्काउट मास्टर जय प्रकाश तथा गाइड कैप्टन अजिता मिश्रा के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राधिकृत नियंत्रक व मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ0दिनेश कुमार ने प्रशिक्षण शिविर के आयोजन



हेतु विद्यालय परिवार को बधाई दी।

## कोठवार से बहाउद्दीनपुर रेलवे फाटक के बीच बना सुसाइड प्वाइंट : हर माह लोग रेलवे ट्रैक पर पहुंचकर मौत को लगा रहे गले

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के महंगावा रेलवे स्टेशन के समीप रविवार सुबह एक 40 वर्षीय महिला ने जौनपुर की तरफ से आ रही मालगाड़ी के सामने छलांग लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस बल ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। भकुरा गांव के निवासी मुमताज की पत्नी जरीना (45) वर्ष रविवार सुबह अपने घर से किसी निजी काम से बाहर गई हुई थी। थोड़ी देर बाद करीब 10 बजे लोगों ने सूचना दी कि किसी महिला का शव वाराणसी फैजाबाद रेल प्रखंड महंगावा रेलवे स्टेशन के समीप कटा पड़ा हुआ है। आनन–फानन में स्वजनों ने जब घटनास्थल पर जाकर देखा तो महिला की पहचान जरीना के रूप में हुई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। ग्रामीणों ने बताया की यह महिला कोठवार बाजार के समीप स्थित रेलवे फाटक के समीप ही रेलवे ट्रैक पर जाकर खुदकुशी करने का प्रयास कर रही थी। इस दौरान लोगों ने किसी तरह से समझा बुझाकर उसे रेलवे ट्रैक से दूर कर दिया था। लेकिन वह वहां से चुपचाप 200 मीटर दूर जाकर महंगावा रेलवे स्टेशन के समीप मौत को गले लगा ली, वही घटना को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जितनी मुंह उतनी बातें सुनने को मिल रही हैं कुछ लोगों का कहना है कि जरीना का बड़ा पुत्र व उसकी पत्नी से नहीं बनती थी। प्रतिदिन मां–बेटे में पत्नी को लेकर विवाद होता था रविवार को भी



कुछ ऐसा ही हुआ था जिसकी वजह से जरीना ने मौत को गले लगा लिया। जानकारी के अनुसार बीते 2 माह पहले ही पति मुमताज सऊदी अरब कामकाज के सिलसिले में गया हुआ था पत्नी की मौत की खबर से पति मुमताज का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मामले को लेकर सरायख्वाजा थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है। वाराणसी–फैजाबाद रेल प्रखंड महंगावा रेलवे स्टेशन के आसपास का ट्रैक सुसाइड प्वाइंट बन गया है जानकारी के अनुसार बीते माह 7 फरवरी को सिद्धिकपुर गांव का 25 वर्षीय राजन ने भी परिजनों के डांट फटकार से नाराज होकर वाराणसी फैजाबाद रेल प्रखंड महंगावा स्टेशन के समीप जाकर आत्महत्या कर ली थी। हर माह अलग–अलग क्षेत्र से लोग इस हॉटस्पॉट पर पहुंचकर मौत को गले लगा रहे हैं समय रहते अगर प्रशासन ने तत्परता नहीं बरती तो इस आंकड़े में वृद्धि हो सकती है। ग्रामीणों के अनुसार कोठवार रेलवे फाटक से बहाउद्दीनपुर रेलवे फाटक के बीच की दूरी सुसाइड प्वाइंट बन गया है कहीं से भी लोग आकर रेलवे ट्रैक पर पहुंच जाते है और अपनी जान दे देते हैं प्रसाशन को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

## जनसहयोग से कीचड़ युक्त रास्ते की हुई सफाई

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : तेजी बाजार मार्केट प्राथमिक विद्यालय के पास नाली बंद होने से जो पानी इकट्ठा हुआ था गांव वासियों के सहयोग से पानी की निकासी हांडा लगाकर किया गया ग्राम प्रधान जिला प्रशासन एवं नेताओं के आश्वासन के अलावा ग्राम वासियों को कुछ नहीं मिला



गंदे पानी से शिव मंदिर पर पूजा पाठ करने के लिए जाने को गांव वासी मजबूर थे जिसको देखकर गांव के लेखपाल पवन कुमार उमर वैश्य द्वारा बहुत ही अनोखी पहल की गई उनका यह पहल सत्ता शासन के मुंह पर बहुत ही बड़ा जवाब है जबकि उसी जगह पर प्राथमिक विद्यालय बना हुआ है गंदे पानी के पास से बच्चे आने जाने एवम पढ़ने को मजबूर है लेकिन फिर भी शासन समस्या से नदारद रहे और शासन भी आंख बंद कर रखी है यह अनोखा पहल गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है मौके पर पवन कुमार उमर वैश्य लेखपाल, वीरू रजक, राजेश विश्वकर्मा, अमन गौतम, गुड्डू मिया, शिवा रजक, शिव कुमार उमरवैश्य बकुली, अजीत गौतम, सहित दर्जनों गांववासी उपस्थित रहे।

## योग व यज्ञ के साथ हुआ चार दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन –डॉ ध्रुवराज योगाचार्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पतंजलि योग समिति के जिला यज्ञ प्रभारी डॉ ध्रुवराज ने बताया कि वृद्धाश्रम सैय्यद अलीपुर सदर जौनपुर में चल रहे चार दिवसीय ध्यान योग प्रशिक्षण शिविर में वृद्धजनों के स्वास्थ्य के लिए विभिन्न प्रकार के आसन, प्राणायाम और सूक्ष्म आसन का योगाभ्यास कराया गया! बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए एक्यूप्रेशर और मालिक चिकित्सा के बारे में बताया गया! वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए यज्ञ – हवन किया गया! यज्ञ का कार्य क्रम डॉ ध्रुवराज व राम ऋषि चौबे द्वारा कराया गया! डॉ ध्रुवराज ने बताया कि परमपूज्य स्वामी रामदेव जी यज्ञ चिकित्सा के माध्यम से भी रोगो का निदान होता है! विभिन्न प्रकार के रोगो में विभिन्न प्रकार के जड़ीबूटी से यज्ञ व हवन करने से रोगो का निदान होता है! सभी



बुजुर्गों ने यज्ञ में उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया! इस अवसर पर रवि चौबे, पंकज यादव, महिमा चौबे तथा सभी मोहल्ला वासी उपस्थित रहे!

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने की शोकसभा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 5680 के जिला उपाध्यक्ष जय आनंद पत्रकार के माताजी के निधन पर कैम्प कार्यालय मिंयापुर पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया। प्रदेश महासचिव/जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने शोकसभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्व0 पुष्पा देवी जी जननी तो जय आनंद की थी, लेकिन वह सभी को पुत्रवत प्यार करती थी, वह सहज, सरल और उदार व्यक्तित्व की महिला थी। उन्होंने हमेशा देना सीखा और सिखाया। चाहे समाज को देना हो , परिवार को देना हो सहज ही वह स्वीकार होता था। उनका महासभा व उससे जुड़े लोगों से विशेष लगाव था ।उनके न रहने से कायस्थ समाज की अपूरणीय क्षति हुई है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम रतन श्रीवास्तव ने कहा कि वह एक ममतामयी माँ थी, 85 वर्ष की अवस्था तक जब तक वह अस्वस्थ नही हुई थी, निरन्तर रोजमर्रा के कामो में लगी रही। शशि श्रीवास्तव गुड्डू ने कहा कि जय की माता हम सबके लिए आदरणीया व प्रेणास्रोत रही ।उनके जाने पर हैम सब दुखी है। बैठक मव यह निर्णय लिया गया कि स्व0 पुष्पा देवी माता जय आनंद एक बहुमुखी प्रतिभा की धनी है उनके न रहने से कायस्थ महासभा शोक संतप्त है इसलिए इस बार होने वाला होली मिलन



स्थगित किया जाता है। कार्यक्रम के अंत मे दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा को शांति दी गई, और ईश्वर दुःख की इस घड़ी में परिवार वालो को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इस मौके पर राजेश श्रीवास्तव बच्चा, मनोज श्रीवास्तव, दया शंकर निगम, सरोज श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव बाटा, पंकज श्रीवास्तव हैप्पी, उमेश श्रीवास्तव ,संजय श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र, अखिलेश श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, अमित निगम, मनीष श्रीवास्तव , राहुल, राकेश, आलोक श्रीवास्तव आदि स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव संजय अस्थाना पत्रकार ने किया।

## जनता को सवाल पूछने का हक है – रमेश यादव

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : शाहगंज तहसील क्षेत्र के अंतर्गत श्री अभिमन्यु यादव महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन प्राथमिक विद्यालय लपरी में किया। शिविर को संबोधित करते हुए सोशल एक्टविस्ट रमेश यादव ने कहा कि सूचना मांगने वाली जनता भिखारी नहीं शहंशाह है सूचना अधिकार कानून के माध्यम से सरकार से जनता को सवाल पूछने का हक है इसके माध्यम से सरकार को अपने कार्य , शासन की कार्यप्रणाली को सार्वजनिक करने का अधिकार मिला लोकतंत्र में जनता मालिक है जनता को जानने का हक है कि सरकार उनकी सेवा में क्या कर रही है जनता को सार्वजनिक कार्यों की सूचना प्राप्त करने का अधिकार इस कानून में उल्लेखित है देश का कोई भी नागरिक किसी भी सरकारी ,गैर सरकारी विभाग से जानकारी ले सकता है आरटीआई आवेदन, शुल्क, अपील ,राज्य सूचना आयोग के उद्देश्य ,कार्य , सूचना न देने पर अर्थदंड क्यों और कैसे की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया ! महाविद्यालय के प्रबंधक मुन्ने लाल यादव ने कहा कि पढ़ाई के साथ



सामाजिक ज्ञान होना जरूरी है बगैर सामाजिक ज्ञान के जीवन जीना कठिन है इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है कि सामाजिक जीवन कैसे जिये! महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 वकील यादव ने कहा कि निरक्षर को साक्षर , जनसंख्या नियंत्रण , गांव की साफ–सफाई , विद्यार्थी जीवन को बेहतर जीवन जीने की कला ही शिविर का उद्देश्य है ! समाज में फैली कुरीतियों को जड़ से मिटाने के लिए संकल्प लिया! इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा पूजा यादव सरस्वती वंदना , रूबी ने दहेज प्रथा गीत के माध्यम से अपनी बात रंखी ! शिविर में सैकड़ों की संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## दबंग व्यक्ति ने दी पूर्व प्रधान को जान से मारने की धमकी

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सन्दहां गांव एक व्यक्ति ने आरोप लगाते हुए कहा कि हम लोग हर रोजमर्रा की तरह घर से रोजीरोटी के लिए काम पर चले जाते है तो गांव के कुछ दबंग व्यक्ति शराब पीकर हमारे घर के सामने ,ग.ांली गलौज व अश्लीन कार्य एवं जांन से मारने कि धमकी देते हैं। सन्दहां गांव निवासी कृष्ण देव तिवारी (पूर्व प्रधान) ने आरोप लगाया है कि जब हम लोग घर से काम काज के लिए चले जाते है तो गांव के ही रविप्रकाश सिंह, रामकेश सिंह एवं वैभव सिंह अन्य लोगों द्वारा घर के सामने खड़े होकर शराब पीकर, गांली गलौज अश्लीन कार्य एवं जांन से मारने कि धमकी देते हैं 9 मार्च को शाम 4 बजे गाली देते हुए घर में घुसकर बन्दूक दिखाकर गले चौन,कॉन में झुमका छीन रहे थे जब घर की महिलाओं ने इसका विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए और कहा कि इस गांव से पंडितों को भगा दूगां और आपके परिवार को फसा देंगे आपके बच्चों को फसा कर जीवन बर्बाद जीवन बरबाद कर देगें। जिससे परिवार डरा हुआ है पीड़ित व्यक्ति ने सरायख्वाजा थाना में तहरीर दिया लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई तब पीड़ित व्यक्ति ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर सूचना देकर न्याय की गुहार लगा रहे हैं कि हम लोगों को न्याय दिया जाए और उन दबंग व्यकियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए जिससे हमे न्याय मिले और सणयंत्र का शिकार न हो।

## 17 मार्च तक चलेगा नगर निगम निर्वाचक नामावली में नए नाम जोड़ने का अभियान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। नगर निगम निर्वाचक नामावली में नए नाम जोड़ने का अभियान 17 मार्च चलेगा। वार्ड नंबर 20 न्यू हैदरगंज



तृतीय के मतदान केंद्र एसबीएन इंटर कॉलेज पर नरपतखेड़ा,बीबीखेड़ा ,हंसखेड़ा,सिंधी कॉलोनी, गोकुल ग्राम योजना प्रथम एवं द्वितीय के लोगों ने नए नाम जुड़वाए। एसबीएन मतदान केंद्र पर बीएलओ अनिल कुमार ,कंचन राय, प्रेम प्रकाश पाण्डेय, अमित शुक्ला ने फार्म भरवाया और जिनके नाम में त्रुटियां थी उनके संशोधन फार्म भरवाए।

## हाथ जोड़ता बस कंडक्टर अकड़ता ड्राइवर

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : विगत एक वर्षों से गौराबादशाहपुर मार्केट से रोडवेज बसों का संचालन ना होने से यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, सैकड़ों बार अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी बस ड्राइवर मनमानी कर रहे हैं एवं यात्रियों से बदतमीजी करने पर अमादा रहते हैं। हुआ यह कि आज दिनांकः 13 मार्च 2023 को सुबह लगभग सात बजे अपराध निरोधक कमेटी अध्यक्ष डॉवजय सिंह राजपूत आजमगढ़ जनपद से बस द्वारा गौराबादशाहपुर आ रहे थे,जब बस गौराबादशाहपुर कस्बे के नजदीक पहुंची तो **UP 70 DT 5378** बस का कंडक्टर बोला कि गौराबादशाहपुर वाले यहीं पर उतर जाएं बस कस्बे से न होकर बाईपास से जाएगी,जब उन्होंने पूछा आपको दिक्कत क्या हो रही है कस्बे से जाने में, तो ड्राइवर बोला कि कस्बे से होकर नहीं जाएगी आप यहीं उतर जाइए, हम अपनी मर्जी से ले जाएंगे आपके कहने से नहीं जाएंगे,फिर जब जय सिंह राजपूत ने कहा कि हम कंप्लेंट करेंगे तब ड्राइवर अकड़ने लगा और विवाद बढ़ता देख



कंडक्टर हाथ जोड़ने लगा,बोला कि आप कंप्लेंट ना करें आगे से ऐसा नहीं होगा,मगर ड्राइवर अकड़ता रहा और बस बाईपास से ही लेकर गया,यह इनकी आए दिन की रवैया है यात्री चाहे कितना भी परेशान हो यह लोग गाली गलौज, मारपीट भी कर लेते हैं मगर गौराबादशाहपुर कस्बे से होकर नहीं चलते हैं,बार–बार शिकायत के बावजूद इनकी रवैया जस की तस बनी हुई है।

## 03 वारंटी अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सुजानगंज पुलिस टीम द्वारा मु0नं0 926/17 स्टेट बनाम प्रदीप आदि धारा 323/325/504 भादवि0 थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर विरूद्ध अभियुक्त प्रदीप दूबे पुत्र हीरालाल दूबे निवासी ग्राम सखवट थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर व न्यायालय जे0एम0 प्रथम जौनपुर कोर्ट 17 जौनपुर द्वारा जारी मु0नं0–145/14 कुन्ता बनाम अनिल आदि धारा 323/504 भा0द0वि0 थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर विरूद्ध अभियुक्तगण 1.अनिल कुमार पुत्र स्व0 हनुमान 2. राजेश कुमार पुत्र रामलाल निवासीगण ग्राम सकापुर थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करके माननीय न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त 1.प्रदीप दूबे पुत्र हीरालाल दूबे उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम सखवट थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर 2.अनिल कुमार पुत्र



स्व0 हनुमान उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम सकापुर थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर 3.राजेश कुमार पुत्र रामलाल उम्र करीब 43 वर्ष निवासी ग्राम सकापुर थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः– 1.उ0नि0 मंजीत कुमार थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर 2.उ0नि0 शिवपूजन थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर 3. हे0का0 अरुण यादव,हे0का0 अनिल यादव,हे0का0 अनिल कुमार,का0 शेरबहादुर यादव ,का0 विजयशंकर यादव,का0 सुशील गुप्ता थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर।

## इस्लामगंज बाजार मे बनने जा रहा न्यू मॉडल थाना बंधुआ कला



सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिले के बंधुआ कला थाना क्षेत्र को न्यू मॉडल थाने की बिल्डिंग इस्लाम गंज बाजार के निकट भूमि पूजन किया गया भूमि पूजन बंधुआ कला थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया नए स्थान पर थाना बनने से क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा थाना क्षेत्र में लगने वाले कस्बो के क्षेत्रवासियों को काफी सुगमता होगी ।थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली पुलिस चौकी अलीगंज और पुलिस चौकी खोखीपुर की दूरी कम होने से अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। भूमि पूजन के शुभ अवसर पर थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह,अजीत कुमार पांडे,अलीगंज चौकी प्रभारी शिव जन्म यादव,खोखीपुर चौकी प्रभारी,ठेकेदार अभिमन्यु मिश्र व समस्त पुलिस स्टाफ एवं स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

## चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा होली मिलन समारोह हुआ आयोजित

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट का होली मिलन समारोह 12 मार्च 2023 रविवार को बड़े धूमधाम से मनाया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री नरेंद्र श्रीवास्तव जी राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश तथा विशिष्ट अतिथि साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य वह ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक डॉक्टर एच बी सिंह व अतिथि डॉक्टर जावेद अख्तर लखनऊ से आए ट्रस्ट के संरक्षक अनूप कुमार तोलानी पूर्व पुलिस अधीक्षक प्रीतम सिंह,संरक्षक राम बहल संरक्षक निरंकार अग्रवाल संरक्षक पूर्व प्राचार्य डॉ सीताराम अग्रवाल वरिष्ठ अधिवक्ता आयकर श्री राम कृपाल वर्मा शहीद शोध संस्थान प्रबंधक सूर्यकांत पांडे शिवसेना नेता संतोष दुबे सामाजिक कार्यकर्ता शीतला पाठक नए प्रभु श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया हाईवे अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन अयोध्या धाम चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा महामंत्री प्रतीक वैश्य कार्यक्रम संयोजक राजन अरोड़ा सहसंयोजक रेखा विश्वकर्मा ने अबीर का टीका व माल्यार्पण तथा पटका पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया होली मिलन समारोह में अयोध्या का नाम रोशन करने वाली कवित्री अर्चना द्विवेदी मैं अपनी रचनाओं से लोगों का मन मोहित कर दिया उपस्थिति सैकड़ों लोगों ने तालियां बजाकर जोरदार स्वागत किया इस अवसर पर शहर के जाने–माने हास्य कवि रामानंद सागर ने अपने हास्य कविता पर लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट को बटोरने का काम किया कार्यक्रम में और समा बांधते हुए कवित्री सुनीता पाठक लोक गायिका रीताशर्मा ने कार्यक्रम में और तड़का लगा दिया उपस्थित लोगों ने ठाकर लगा लगा कर वह हंसकर खूब आनंद उठाया कार्यक्रम की व्यवस्था मे ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सचिन सरीन कवि साहनी ऋतु सिंह राठौर प्रमिला राजपूत कोषाध्यक्ष एकता टंडन सचिव मंजूर खान नीलम श्रीवास्तव आशीष कौर निशी पुरी आशीष कौर पवन कुमार जयसवाल शशि रावत पूनम शर्मा संजय सरीन अमित कुमार डॉ दीपा श्रीवास्तव यश म्यूजिकल ट्रस्ट की संगीता आहूजा सुमि मित्रा अजय श्रीवास्तव मीना अवस्थी पूनम शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल होने वालों में डॉ पुष्पा श्रीवास्तव श्रीमती रजनी सिंह श्रीमती रेनू सिंह निधि तिवारी हास्य कवि पंकज श्रीवास्तव डॉक्टर संजीव सिंह डॉ कल्पना कुशवाहा अमरेश मिश्रा मनीष राय राजेश चौबे संदीप मध्यान रोली शुक्ला मंजू जैस्वाल अन्नपूर्णा जी एसआई रंजीत यादव अरविंद अरोड़ा सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुष कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक राजन अरोड़ा ने खेल कार्यक्रम भी आयोजित किया जिस का लुफ्त उपस्थित लोगों ने लिया आए हुए लोगों का आभार ट्रस्ट की उपाध्यक्ष ऋतु सिंह राठौर ने किया।

## जेसीआई चेतना ने धूमधाम से मनाया होली मिलन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जेसीआई जौनपुर चेतना का होली मिलन समारोह शहर के एक होटल में संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया सभी का स्वागत करते हुए अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को एक गिफ्ट देते हुए होली की बधाई दिया और भारत के रीति–रिवाजों परंपराओं के अनुसार होली को सबसे अच्छा त्यौहार बताया पूर्व अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने सभी को बधाई दिया और कार्यक्रम की सराहना की कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक सेठ मंडल अधिकारी गौरव सेठ रत्नेश गुप्ता शशांक सिंह राकेश जायसवाल रंजीत सिंह गणेश साहू डॉ प्रशांत द्विवेदी मनमोहन सिंह मंजू जायसवाल अनिता सोनी अंजू जायसवाल कार्यक्रम संयोजक अर्चना सेठ सरिता बैंकर देवेंद्र रिंपी कौर डॉली गुप्ता डॉ आकांक्षा द्विवेदी अनिता कुमारी इंदिरा जायसवाल जूही वर्मा शिल्पी जायसवाल सुधा बैंकर ममता कश्यप मीना गुप्ता निशा सिंघानिया





प्रतिभा गुप्ता ज्योति श्रीवास्तव रविंदर कौर रिंकी जायसवाल संचिता बैंकर शारदा गुप्ता किरण जायसवाल सारिका सेठ उपस्थित थी । डॉ शिल्पी सीमा सेठ कार्यक्रम का संचालन सचिव मीरा अग्रहरि और कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी ने संयुक्त रूप से किया सभी का आभार कार्यक्रम संयोजक इंदिरा जायसवाल ने व्यक्त किया।

## चेयरमैन बबीता जायसवाल ने डीएम जसजीत कौर से मिलकर उठाया सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का मुद्दा



मेनका गांधी के आवास तक बनाई जा रही जल निगम की तरफ से सड़क में व्यापक पैमाने पर बढ़ती जा रही लापरवाही। समय सीमा के भीतर दोबारा सड़क निर्माण कार्य कराए जाने को भी बनाया गया मुद्दा। डीएम ने दिया आश्वासन, अनियमितता की जांच कर होगी आवश्यक विधिक कार्रवाई। जल निगम के अफसर दोषी मिले तो होगी सख्त कार्रवाई।

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : निवर्तमान नगर पालिका चेयरमैन बबीता जायसवाल ने डीएम जसजीत कौर से मिलकर उठाया सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का मुद्दा। प्रयाग–अयोध्या राजमार्ग से सांसद

## पटरंगा पुलिस नें आधा दर्जन से अधिक वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) थाना पटरंगा पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया ।पटरंगा थानाध्यक्ष ओम प्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल सुधाकर सिंह मिथिलेश कुमार सिंह चौकी प्रभारी हाईवे थाना पटरंगा व उप निरीक्षक थाना पटरंगा सुधाकर सिंह ने ग्राम सराय अहमद व सरैठा से रविवार को आठ वांछित आरोपी सुखलाल पुत्र सुन्दर निवासी ग्राम सराय अहमद थाना पटरंगा अयोध्या,राममगन पुत्र सागर निवासी ग्राम सराय अहमद थाना पटरंगा अयोध्या,रामदीन पुत्र मुन्नीलाल निवासी ग्राम सराय अहमद थाना पटरंगा अयोध्या, श्रीपाल पुत्र सरजू निवासी ग्राम सराय अहमद थाना पटरंगा अयोध्या,श्रीराम पुत्र मुन्नीलाल निवासी ग्राम सराय अहमद थाना पटरंगा अयोध्या,रामशंकर पुत्र रतीपाल निवासी ग्राम सराय अहमद थाना पटरंगा अयोध्या,परशुराम पुत्र सुन्दरलाल निवासी ग्राम सराय अहमद थाना पटरंगा अयोध्या व शैलेन्द्र सिंह पुत्र प्रेमनरायन सिंह निवासी ग्राम सरैठा थाना पटरंगा अयोध्या को गिरफ्तार किया।

## अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध प्रभारी निरीक्षक ने चलाया अभियान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर अश्वनी पांडे ने शुक्रवार को अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के साथ यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने हेतु चौक, घंटाघर आदि भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग कर अतिक्रमणों के विरुद्ध अभियान चलाया।इस दौरान उन्होंने दुकानों का सामान तथा ठेला लगाकर सड़क पर किये गये अतिक्रमण को हटवा कर अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दुबारा अतिक्रमण करते हुये कोई पाया गया तो पुलिस उनसे सख्ती से निपटेगी।उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा। मालूम हो कि इधर काफी दिनों से कोतवाली नगर क्षेत्र के चौक रिकाबगंज गुदरी बाजार नियावां रिकाबगंज सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमणकारियों ने सड़कों तक अपने सामान फैलाए हुए थे जिसके चलते इधर से आने जाने वाले लोगों को काफी




परेशानी होती थी और हमेशा जाम लगा रहता था उसी के तहत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर कुमार पांडे ने अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ शुक्रवार की देर शाम अधिकारियों के खिलाफ अभियान चलाया।

## गांव की टंकी बनी शोपीस : पेयजल की समस्या से ग्रामीण परेशान : वर्ष 2012 में करोड़ों की लागत से हुआ था टंकी का निर्माण

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।मिल्कीपुर–अयोध्या। हैरिंग्टनगंज विकास खंड क्षेत्र के हरदोईया गांव के ग्रामीणों को सरकार की ओर से पीने का पानी उपलब्ध करवाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को पानी नहीं मिल सका। ग्राम पंचायत के मजरों में पानी मुहैया कराने के उद्देश्य से वर्ष 2012 में पेयजल योजना के तहत ग्राम पंचायत हरदोईया के मजरे अटका में करोड़ों रुपए की राशि खर्च कर बोरिंग व टंकी का निर्माण करवाया गया था। जिसका उद्घाटन भी जन प्रतिनिधियों द्वारा किया था। उद्घाटन के बाद केवल एक से दो महीने ही पानी आपूर्ति की गई। उसके बाद आज तक लोगों को एक बूंद पानी नसीब नहीं हो पाया है। ग्रामीण मनोज कुमार, राजेश कुमार, परमात्मा, सुरेश कुमार, घनश्याम, राम अवतार, सहज राम, कृष्ण लाल, जमुना प्रसाद, महेश तिवारी, विपिन कुमार, तारावती, रामरती, दान बहादुर समेत दर्जनों ग्रामीणों का कहना है कि जिस समय पानी की टंकी अटका गांव में बनी थी, उस समय हम लोगों को आस लगी थी कि स्वच्छ पानी पीने को मिलेगा लेकिन आज तक स्वच्छ पानी नसीब नहीं हो सका। पानी की सप्लाई ना होने के संबंध में जब जल निगम विभाग के जेई राजेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गांव में 300 लोगों द्वारा कनेक्शन लिया गया है। और लोगों द्वारा कनेक्शन नहीं लिया जा रहा है, जिससे कर्मचारी गांव नहीं पहुंच रहे हैं ,पड़ाईन का पुरवा गांव की ओर जाने वाली मेन पाइप लाइन लीकेज होने के चलते सप्लाई नहीं दी जा रही है। ठीक करवाने के बाद सप्लाई दी जाएगी। प्रधान प्रतिनिधि अमर कुमार का कहना है कि ग्राम पंचायत के एक भी मजरे में पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है। जब शिकायत होती है तो विभाग के लोग आकर एक दो दिन किसी तरीके से पानी की सप्लाई कर फिर गायब हो जाते हैं। ग्राम पंचायत में 2 प्राथमिक विद्यालय व एक इंटर कॉलेज है ग्राम पंचायत की आबादी लगभग 6000 है। गर्मी के मौसम में लोगों को पानी पीने के लिए अच्छी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## तीन गुना बढ़ी अयोध्या रामलला को चढ़ावे की रकम : हर 10वें दिन खोला जा रहा दानपात्र

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो)सुरेंद्र कुमार। रामलला के भव्य मंदिर निर्माण के साथ राम भक्तों के चढ़ावे में भी बड़ा इजाफा हुआ है। परिसर स्थित अस्थाई मंदिर में रखे गए दानपात्र में निकलने वाले दान की रकम पहले से तीन गुना बढ़ गई है। इसकी जानकारी भारतीय स्टेट बैंक के एक अधिकारी द्वारा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को दी गई है। राम जन्मभूमि परिसर में आने वाले श्रद्धालु रामलला का दर्शन कर मंदिर निर्माण में सहयोग स्वरूप बड़ी मात्रा में गुप्त दान करते हैं। वे अस्थाई मंदिर के सामने रखे दानपत्र में अपनी आस्था निवेदित कर रहे हैं। इसका खुलासा दान पात्र के खोले जाने के बाद हुआ। भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी द्वारा बताया गया कि दान में मिलने वाली धनराशि पहले से तीन गुना अधिक बढ़ गई है, जिसे गिनने के लिए अब 15 दिन का समय लग रहा है। दान में मिलने वाली धनराशि का आंकड़ा करोड़ पार बताया जा रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि राम मंदिर में आने वाले दान की राशि बढ़ती जा रही है। आने वाले समय में तिरुपति बालाजी की तर्ज पर व्यवस्थाएं बढ़ाई जाएंगी। तिरुपति में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी गिनने का काम करते हैं। राम मंदिर ट्रस्ट कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता बताते हैं कि राम जन्मभूमि परिसर में आने वाले दान को लेकर एसबीआई के द्वारा अलग से 2 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, जो प्रतिदिन रामलला के दानपात्र से निकलने वाले पैसों की गिनती कर उन्हें ट्रस्ट के खाते में जमा करने का कार्य करते हैं। हर 10 दिन पर दानपात्र खोला जा रहा है, जिसकी गिनती करने के लिए कर्मचारी प्रतिदिन कार्य करते हैं।

## डॉ0 राममनोहर अवध विवि में 17 मार्च को होने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारियां हुई तेज

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च, 2023 को प्रातः 11 बजे से होगा। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के पूर्व कुलपति प्रो0 (डॉ.) कुलदीप चन्द अग्निहोत्री होंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार के योगेन्द्र उपाध्याय एवं उच्च शिक्षा राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश रजनी तिवारी रहेंगी। इस दीक्षांत समारोह में 127 स्वर्णपदक सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्र–छात्राओं को प्रदान किए जायेंगे। परिसर के स्नातक के 563 व परास्नातक के 706 एवं पीएचडी में 97 छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान की जायेगी। इसमें विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के कुल 1 लाख 91 हजार 74 छात्र–छात्राओं को उपाधि दी जायेगी। दूसरी ओर विश्वविद्यालय में उपाधि धारक छात्र–छात्राओं को उपाधि एवं वेशभूषा उत्तरीय का वितरण 15 मार्च से 16 मार्च तक प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक किया जायेगा। इसके लिए उपाधि धारक छात्र–छात्राओं को आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

## मिल्कीपुर के सपा विधायक ने किया होली मिलन समारोह आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मिल्कीपुर विधायक व पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने मिल्कीपुर क्षेत्र स्थित अपने पांच नंबर आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में विधायक अवधेश प्रसाद ने अपने एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर अपने द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड पेश किया और बताया कि एक वर्ष के अंदर उनके द्वारा मिल्कीपुर में विधायक निधि द्वारा सात नई सड़कें बनकर तैयार हो गई है तथा बारह सड़कों का टेंडर हो गया है। पूर्वांचल निधि द्वारा 12 नई सड़कों के बनने का टेंडर हो गया है। वही मिल्कीपुर विधानसभा के 25 से अधिक लोगों को स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए पैसा दिलाया गया है साथ ही साथ क्षेत्र के कई स्कूल कालेजों में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण हेतु धन आवंटित किया गया है।उन्होंने यह भी बताया कि लोक निर्माण विभाग से 40 करोड़ की लागत से अधिक की धनराशि से 125 सड़कें पास कराई गई है। जिनमें कुछ सड़कें बनकर तैयार हो गई हैं तथा कुछ सड़कों पर कार्य चल रहा है। क्षेत्र के 332 स्थानों पर ट्रांसफार्मर बदले गए व उनकी क्षमता बढ़ाई गई और 75 गांवो में जर्जर केबिलों को बदल कर नई केविल भी लगवाई गई है। राजकीय इंटर कॉलेज टकसरा, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मुंगीशपुर व आईटीआई कॉलेज सिंधौरा में अध्यापक व अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति हो गई है बहुत जल्द ही इन संस्थानों में अध्यापन कार्य भी शुरू हो जाएगा। आने वाले दिनों में मिल्कीपुर विकास के नाम पर प्रदेश में अग्रणी विधानसभा के रूप में जाना जाएगा।कार्यक्रम में मौजूद लोक गायक चिंटू सागर ने होली गीत प्रस्तुत किया।होली मिलन समारोह को सपा जिला महासचिव बख्तियार खान ने संबोधित करते हुए कहा कि मिल्कीपुर विधायक व पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने मिल्कीपुर विधानसभा में विकास की गंगा बहाने का काम किया है जो काम पिछली पंचवर्षीय कार्यकाल में रुक गया था उसे पुनः शुरू करा कर मिल्कीपुर में विकास के पहिया को आगे बढ़ाने का कार्य विकास पुरुष अवधेश प्रसाद जी ने किया है इसके साथ ही 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रत्येक बूथ पर पार्टी को जिताने के लिए संगठन की मजबूती बूथ स्तर पर बढ़ाने पर बल दिया।समारोह में विधायक प्रतिनिधि अमित प्रसाद,विधानसभा अध्यक्ष मिल्कीपुर पृथ्वीराज यादव, चौधरी महेंद्र सिंह,रईस अहमद उर्फ नियाज खान,राम बहादुर यादव,मदन यादव,जिला उपाध्यक्ष रामजी पाल, छोटेलाल यादव,विश्राम रावत,वेद प्रकाश यादव,डॉ माखन लाल यादव,पिंटू यादव,योगेंद्र कुमार,राजेंद्र यादव,रामजीत,शकील अहमद,यदुनाथ यादव,सिराज अहमद सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## दो सत्रों में सम्पन्न हुई भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक : संगठन व चुनाव की तैयारियों पर रहा विशेष जोर

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो)सुरेंद्र कुमार। शाहनेवाजपुर स्थित द रामायना होटल में आयोजित भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक दो सत्रों में सम्पन्न हुई। प्रथम सत्र में मोर्चा की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, व महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने पदाधिकारियों को सम्बोधित किया। जिसके बाद राजनैतिक प्रस्ताव मोर्चा के प्रदेश प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने प्रस्तुत किया। जिसे ध्वनि मत से पास किया गया। दूसरे सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष वानति श्रीनिवासन, ने सम्बोधित किया। राजनैतिक प्रस्ताव व राजनीति में महिलाओं की स्थिति सुधारने पर चर्चा की गई। कार्यसमिति को सम्बोधित करते हुए महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानति श्रीनिवासन ने कहा कि कार्यकताओं की संख्या से अधिक कार्यकताओं की गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए। अधिक से अधिक प्रबुद्ध वर्ग की महिलाओं को पार्टी के साथ जोड़ना होगा। भाजपा सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के लिए तीन तलाक समाप्त कर ऐतिहासिक कार्य किया। महिला मोर्चा की पदाधिकारी निकाय चुनाव तथा लोक सभा चुनाव के लिए तैयार रहे। घर –घर तथा दर–दर महिला मोर्चा की कार्यकर्ता पहुचें। लाभार्थियों के परिवारों से सीधे सम्पर्क में रहे । जिस तरह से महिला मोर्चा की कार्यकार्ताओं द्वारा पार्टी के कार्यक्रमों में बढ़–चढ़ अपनी भागीदारी की गई है। उसी प्रकार निकाय चुनाव व लोक सभा चुनाव में अपनी भागीदारी करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि हमने अपने संकल्पों को अवसर आने पर पूर्ण किया। 1951 में पार्टी ने कहा था कश्मीर से 370 हटाएंगे। भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न बनाएंगें। दोनों सकल्पों को भाजपा सरकारों ने पूर्ण किया। पालघर के अधिवेशन राम जन्म स्थान पर मंदिर बनाने का संकल्प लिया गया था। वह संकल्प भी आज पूर्ण हो रहा है। उन्होने बताया कि भाजपा में कार्यकर्ताओं तथा महिलाओं का सम्मान है 44 प्रतिशत प्रधान 43 प्रतिशत ब्लाक प्रमुख तथा 45 प्रतिशत जिला पंचायत अध्यक्ष महिलाएं है। पार्टी हित में अपना बेहतर योगदान प्रदान करने से ही कार्यकर्ता आगे बढ़ेगा। पूर्व में 17 नगर निगम में 14 जीते थे। इस बार नगर निकाय चुनाव में अधिक से अधिक सीटें जीतनी है। तथा बोर्ड में बहुमत लाना है। सभी कार्यकताओं को भाजपा को मजबूत बनाना है। जिन्हें चुनाव लड़ने का अवसर नही प्राप्त हुआ। उन्हे घर नही बैठना है जिसे अवसर मिला है उसे पूरा सहयोग करना है। लाभार्थियों से सम्पर्क अभियान तेज करना है। कार्य का बंटवारा कर के अधिक से अधिक लोगों से संपर्क पर ध्यान देना है। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचार से जुड़े हुए लोगों का समूह हैं। भाजपा की यात्रा जनसंघ की स्थापना वर्ष 1951 से आरम्भ हुई इससे पूर्व संघ की स्थापना वर्ष से वैचारिक प्रारम्भ हुआ। देश व प्रदेश की सत्ता का संचालन वैचारिक लोगों के द्वारा किया जाय। राजनैतिक दल के रूप में लगे आरोपों की चिंता किए बिना लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते रहे। आज यह छठीं पीढ़ी है। सभी की तपस्या का परिणाम है की आज भाजपा देश ही नही विश्व की सबसे बढ़ी पार्टी है। प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता घर–घर जाती है तथा परिवारों में सम्पर्क करती है। महिलाओं के साथ पूरे परिवार को जोड़ती है। महिलाओं को जब भी अवसर प्राप्त हुआ है तो समाज व राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका से योग्यता प्रमाणित किया है। पूर्व की सरकारों ने जो गंदगी प्रदेश में फैला रखी थी उसे समेट कर आज प्रदेश आगे बढ़ रहा है। इनवेस्टर सबमिट में प्रदेश में अधिकाधिक निवेश आना इसका प्रमाण है। आज प्रदेश में निवेशक अपने व्यापार लागाते है और यह सोचते है कि वे सुरक्षित है। महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस करती है। आज प्रदेश की कमान सशक्त हाथों व विचारों में है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने किया। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष अश्मिता चन्द्र ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का आरम्भ दीनदयाल उपाध्याय तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यापर्ण कर तथा वंदे मातरम् के गान के साथ किया गया। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, क्षेत्रीय अध्यक्ष व सभी जिलों व महानगरों की अध्यक्ष उपस्थित रहीं। कार्यक्रम स्थल पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का महिला मोर्चा की कार्यकताओं द्वारा 51 किलो की माला पहना कर किया गया। पुष्प गुच्छ देकर महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी विजय बहादुर पाठक का स्वागत किया गया। प्रदेश मंत्री डा ममता पाण्डेय ने स्मृति चिन्ह देकर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा वनाथी श्रीनिवासन व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। मंच से हुई कार्यक्रम व्यवस्था की प्रशंसा –भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में व्यवस्था को लेकर प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता शाक्य प्रदेश मंत्री डा ममता पाण्डेय की तारीफ की । उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होने से पूर्व व्यवस्था को लेकर चिंता थी । परन्तु यहां पर सभी व्यवस्थाएं प्रशंसनीय रहीं। वहीं प्रदेश कार्यसमिति में शमिल होने के लिए शनिवार की रात से ही महिला मोर्चा की पदाधिकरियों अयोध्या पहुचंने लगी । बैठक में प्रदेश कार्यसमित, क्षेत्रीय अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष व महानगरों के अध्यक्ष ही आपेक्षित थी।

## नेत्र चिकित्सा सेवा शिविर में सैकड़ों नेत्रों के मोतियाबिन्द का हुआ निःशुल्क आपरेशन

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या। संत शिरोमणि अनन्त श्री परमहंस श्री राममंगल दास महराज की स्मृति में लगाये गये निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सेवा शिविर में 112 नेत्रों के मोतियाबिन्द आपरेशन किये गये जबकि 309नेत्र रोगियों को रिफ्रेक्शन एवं अन्य नेत्र उपचार से लाभान्वित किया गया। श्रीमणिरामदास छावनी सेवा ट्रस्ट,अयोध्या,गोकुल भवन, अयोध्या एवं कल्याणं करोति लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में श्री दीनबन्धु नेत्र चिकित्सालय परिसर में आयोजित शिविर के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महन्त कमलनयन दास शास्त्री ने कहा कि सेवा ही भगवान की सच्ची पूजा है।बिना सेवा के कुछ भी नही मिलता है।सेवा ही परम धर्म है। इस अवसर पर गोकुलभवन के महन्त परशुरामदास ने कहा कि सन्त का प्राकट्य हीजगत कल्याण के लिए होता है,संत राममंगल दास जी महराज दयावान,परोपकारी व तपस्वी महापुरुष थे। समापन समारोह का शुभारम्भ रामजी शास्त्री द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण से हुआ।संतशिरोमणि राम मंगलदास जी के चित्र पर सभी अतिथियों ने माल्यार्पण किया ।समारोह का संचालन डा0 राजेश तिवारी ने किया। इस समारोह में आये अतिथियों का स्वागत कल्याणं करोति संस्था लखनऊ के महामंत्री राष्ट्र गौरव शर्मा ने उन्हें माला पहनाकर किया।समारोह को दीपकृष्ण वर्मा,डा0 आर एस पाण्डेय,बड़ा भक्तमाल के महंत कौशलकिशोर दास,सहित अन्य लोगों ने सम्बोधित किया।समापन समारोह मेंश्री दीनबन्धु नेत्र चिकित्सालय के प्रबन्धक देव नारायण मिश्र ने चिकित्सालय की स्थापना से लेकर अब तक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए महन्त नृत्यगोपाल दास जी के प्रति आभार ज्ञापित किया और कहा कि महाराज जी की कृपा से ही लाखों नेत्र रोगियों को रोशनी प्रदान की जा रही है। संस्था के उमादत्त मिश्र ने आगन्तुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। समापन समारोह में चिकित्सालय के सभी नेत्र चिकित्सक,कर्मचारी व नेत्र रोगियों के साथ उनके तीमारदार भारी संख्या में मौजूद रहे। कल्याणं करोति के महामंत्री राष्ट्र गौरव शर्मा ने लोगों को धन्यवाद देते हुए बताया कि चिकित्सालय में 12 मार्च से 18 मार्च तक विश्व ग्लूकोमा सप्ताह मनाया जायेगा।

## वाहन चेकिंग के बीच अपराधी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को दे रहे खुलेआम चुनौती

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले की पुलिस इस समय सिर्फ वाहन चेकिंग अभियान लगाने में जुटी है। पुलिस द्वारा लगाए गए चेकिंग के बावजूद भी लुटेरे व चोर उचक्के व बदमाश आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर आराम से निकल जाते हैं।जिसका खुलासा करने में भी जिले के पुलिस हवा में ही तीर चला रही है। परंतु उनका एक ही जबाव होता है कि घटना का खुलासा शीघ्र ही पुलिस कर देगी लेकिन यह दावा से महज कोरा कागज ही साबित हो रहा है पिछले माह 25 फरवरी को कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के रानो पाली पुलिस चौकी में स्थित शारदा विहार कॉलोनी मोहनपुर में अज्ञात चोरों ने उस समय चोरी का घटना का अंजाम दिया था जब मेडिकल स्टोर संचालक राजन तिवारी निवासी शारदा पुरम कॉलोनी वारदात के बीती रात दवा लेने के लिए रोडवेज बस स्टेशन आया हुआ था जब वह दवा लेकर सुबह छः बजे अपने घर पहुंचा।तब चोरों ने उसके घर घर को अपना शिकार बना लिया था। थाना पर पीड़ित राजन तिवारी द्वारा दिए गए तहरीर के मुताबिक दो लाख रुपए नगद और लाखों के गहने लेकर चोर चले गए। जिसका बारीकी से निरीक्षण प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली अयोध्या मनोज शर्मा ने दलबल के साथ किया था। इस मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर लिया।घटना को हुए 15 दिन से अधिक दिन हो गए हैं लेकिन अयोध्या पुलिस का यही कहना है के सीसीटीवी कैमरा आदि ना होने के चलते पुलिस को कोई ठोस सबूत नहीं मिल रहा है जिससे यह लगता है कि अब वादी ही कोई सबत ले आए पुलिस को दे दे तो पुलिस आसानी से उस घटना का खुलासा कर दें। दूसरी घटना भी फरवरी माह के अंतिम सप्ताह अयोध्या कोतवाली क्षेत्र की है। जहां पर चोरों ने रानीबाजार स्थित एक घर को अपना निशाना बनाया।पुलिस को कि सीसीटीवी फुटेज में वादी खुद पुलिस को दिखा रहा है परंतु अभी तक चोरी की खुलासा करने की बात तो दूर अभी तक इस घटना की पुलिस ने प्राथमिकी तक दर्ज नहीं किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली अयोध्या मनोज शर्मा ने बताया कि अभी होली के दौरान व्यस्तता होने के चलते राजन तिवारी के चोरी के यहां हुई चोरी के मामले में कोई खुलासा नहीं हो पाया है लेकिन पुलिस शीघ्र से शीघ्र इस चोरी का खुलासा करने का प्रयास करेगी।वहीं कुमारगंज थाना क्षेत्र में महिला के साथ लूट की घटना को अंजाम देने के बाद फरार हुए बदमाशो की गिरफ्तारी तो दूर उनकी शिनाख्त तक पुलिस घटना के 14 दिन बीत जाने के बाद भी नहीं कर पाई है।कुमारगंज पुलिस की जांच नौ दिन चले अढाई कोश की कहावत पर सही बैठ रही है।मालूम हो कि बीते 24 फरवरी की शाम कुमारगंज के सब्जी व्यवसाई धर्मेन्द्र कुमार अपनी पत्नी श्रीमती को शाम के समय मोटर साइकिल से लेकर सिधौना गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।तभी पीछे से पल्सर सवार बदमाशों ने दंपत्ति को रोककर उनके साथ मारपीट करते हुए पत्नी के जेवर लूट कर फरार हो गए थे।घटनास्थल का दौरा एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने करकर जल्द बदमाशों को पकड़ने के लिए स्थानीय पुलिस के साथ–साथ एसओजी टीम को भी लगाया था।पुलिस पीडिता से मिल उसके बयान के आधार पर सुल्तानपुर ,अमेठी जनपद के कई गांव में दबिश दी थी।लेकिन वहां उसे कोई सफलता हाथ नहीं लगी।पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर आशुतोष मिश्रा व थाना कुमारगंज प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस मामले की जांच जांच जारी है । अब तक 8 से 10 लोगों से पूछताछ की गई है उनके बताने के आधार पर कई जगह छापेमारी भी की गई।पुलिस जल्द ही आरोपियों को पकड़ लेगी।

## भारतीय क्षत्रिय समाज का होली मिलन समारोह हुआ संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारतीय क्षत्रिय समाज का होली मिलन समारोह मां ज्वाला मंदिर खिरौनी के प्रांगण में संपन्न हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर एवपीवरावव निर्देशक प्रसार कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज व विशिष्ट अतिथि के तौर पर भगवान बक्स सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय क्षत्रिय समाज,अध्यक्षता प्रोफेसर एमवपीव राव व राष्ट्रीय संयोजक भारतीय क्षत्रिय समाज छेदी सिंह एडवोकेट मौजूद रहे। वही कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। ये कार्यक्रम राजेश सिंह व दिनेश सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में भारतीय क्षत्रीय समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। और होली मिलन समारोह के माध्यम से एक दूसरे को बधाई दी। वही इस कार्यक्रम के अवसर पर भारतीय क्षत्रिय समाज के संगठन के कुछ नए लोग जुड़े जिनको नियुक्ति पत्र दिया गया। और बताया कि कुछ साथी भारतीय क्षत्रिय समाज संगठन से जुड़े हैं जो संगठन को मजबूती देने का काम करेंगे।

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए रविवार आज दिनांक 12 मार्च 2023 को जनपद की सभी पीएचसी पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ।कुल पीएचसी– 34। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में आम जन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और आरोग्य मेले का सफल संचालन संपन्न हुआ।मेले के सफल संचालन हेतु विभागीय नोडल अधिकारियों द्वारा भ्रमण किया गया।जनपद अयोध्या की सभी पीएचसी पर आयोजित आरोग्य मेले में चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा इलाज एवम स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ हासिल करने आए लोगों का ईलाज किया गया और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान की गई। मेले में कुल 98 चिकित्सक, 269 पैरामेडिकल द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। मेले में 641 पुरुष मरीज,557 महिला मरीज , 303 बच्चे द्वारा अपना उपचार लाभ प्राप्त किया गया। मेले में 14 आयुष्मान कार्ड बने ,507 हेल्प डेस्क पर स्क्रीन हुए मरीज ,16 कोविड टेस्ट 0 पॉजिटिव , 12 आंख के मरीज, 39 लिवर के मरीज , 57 बुखार के मरीज , 46 सांस के मरीज , 127 पेट के मरीज , 21 शुगर के मरीज , 116 चर्म रोग के मरीज ,4 टीबी के सस्पेक्टेड मरीज , 16 एनीमिया के , 37 उच्च रक्तचाप के ,62 प्रसव पूर्व जांच ,0 कुपोषित चिन्हित एवम ईलाज , 7 रेफर ,16 मलेरिया जांच पॉजिटिव कोई नहीं।

## छूटी हुई मिड–सेमेस्टर परीक्षा 15 मार्च को

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) साकेत महाविद्यालय के बी.ए./बी.एस–सी. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन (सैन्य विज्ञान) विषय के जिन विद्यार्थियों की दिनांक 12 फरवरी, 2023 अथवा 26 फरवरी, 2023 को आयोजित मिड–सेमेस्टर परीक्षा किसी कारणवश छूट गई है। बी.ए./बी.एस–सी. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के उन विद्यार्थियों की छुट्टी हुई मिड–सेमेस्टर परीक्षा दिनांक 15 मार्च, 2023 दिन बुधवार को अपराह्न 01:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक महाविद्यालय के रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विभाग में आयोजित होगी। रक्षा अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जगदीश वर्मा ने बताया कि सभी विद्यार्थियों के लिए प्रवेश–पत्र एवं असाइनमेंट–पुस्तिका लाना अनिवार्य है। छूटे हुए परिक्षार्थियों के लिए यह अंतिम अवसर है। परीक्षा में सम्मिलित न होने वाले परिक्षार्थियों को अनुपस्थित दर्ज कर दिया जायेगा।

## 19 मार्च को एक दिवसीय निःशुल्क शिविर का आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 19 मार्च सुबह ग्यारह बजे ऊँचे गांव महबूबगंज स्थित मौलाना आजाद गर्ल्स इंटर कालेज में डाक्टरों मुफ्त मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है।जिसमे जिले के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों का परीक्षण किया जायेगा।यह मेडिकल कैम्प कालेज के संस्थापक सा० सैयद असदुल्लाह अमानुल्ला रहमत चल्ला मेमोरियल की स्मृति में आयोजित एक दिवसीय मुफ्त मेगा मेडिकल सैन्य से विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजो के स्वास्थ्य की जांच किया जायेगा।इस कैम्प में वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अब्दुस्सलाम,नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ संजय कुमार पाण्डेय, डॉ खालिद अंसारी चर्मरोग विशेषज्ञ डॉ आरबी वर्मा व डॉ लक्ष्मीकान्त, कान, नाक, गला विशेषज्ञ डॉ गौरव श्रीवास्तव, फिजीशियन डॉ शेफ व डॉ अफरोज, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा पाण्डेय व डॉ फरिजवी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ० फरहीन खान, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ विवेक राय, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ कुँवर वैभव, पेट रोग विशेषज्ञ से जंगुरिया, शिरकत करेंगे। इस संबंध में डाक्टर अब्दुस्सलाम ने बताया कि इस कैम्प के बारे में आस–पास के गांव के लोगों को फ्री क्रम्प के बारे में अवगत करा दिया गया है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर अपने रोगों की जांच कराये।इस कैम्प में मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने व विभिन्न रोगों के रोकथाम के बारे में सलाह दी जायेगी।इसके बाद रोगियों में मुफ्त दवाओं का भी वितरण किया जायेगा।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।